## 100 बेड के अस्पताल में नहीं कूलर की व्यवस्था

# बारातियों की खुशियां दुःख में बदलीं

## बोरगांव से नागपुर गई बारात में 'फूड पॉइजनिंग' का तांडव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

एक ओर शहनाइयों की गूंज थी, तो दूसरी ओर अचानक चीख-पुकार मच गई। ग्राम बोरगांव के मोहखेड़े परिवार की खुशियां उस वक्त फीकी पड़ गईं, जब नागपुर गई एक बारात में दूषित भोजन करने से 100 से अधिक लोग 'फूड पॉइजनिंग' का शिकार हो गए। हालत इतनी बिगड़ी कि बुधवार आधी रात को एम्बुलेंस और निजी वाहनों से मरीजों को अस्पताल दौड़ना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार को बोरगांव से मोहखेड़े परिवार की बारात नागपुर गई थी। विवाह समारोह में भोजन के कुछ घंटो बाद बारातियों को उल्टी, दस्त और तेज पेट दर्द की शिकायत होने लगी। बोरगांव पहुंचने के बाद में रात्रि 12 बजे के लगभग एंबुलेंस की मदद से सौसर अस्पताल में 33 से अधिक महिला बच्चे बुजुर्गों को बीमार अवस्था में भर्ती किया गया था। उधर नागपुर के अस्पतालों में भी कई मरीजों का इलाज किया जा रहा है।





### दही-बड़ा, गुलाब जामुन खाने से बिगड़ा मामला

नागपुर में शादी समारोह के दौरान बनाए गए भोजन से तबियत बिगड़ने की जानकारी मिल रही है। अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिली जानकारी के अनुसार शादी समारोह में दही बड़ा गुलाब जामुन खाने के बाद ही तबीयत खराब होना शुरू हुई थी। इस समारोह में बोरगांव के साथ ही मुलताई, बैतूल,सावनेर महाराष्ट्र से आए मेहमान भी प्रभावित हुए हैं, जो अपने-अपने क्षेत्रों में उपचार करा रहे हैं।

### आधी रात को अस्पताल में पहुचे मरीज

बुधवार रात करीब 11 बजे जैसे ही बीमार बाराती वापस बोरगांव लौटे, उनकी स्थिति और गंभीर हो गई। आनन-फानन में उन्हें सौसर के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। सौसर अस्पताल प्रबंधन ने मुस्तैदी दिखाते हुए इमरजेंसी वार्ड को सक्रिय किया। प्रभारी बीएमओ सौसर डॉ. रुपेश बोकडे,डॉ. संदीप नखाते की निगरानी में डॉक्टरों की टीम तुरंत इलाज में जुट गई। किसी भी मरीज को नागपुर या अन्य अस्पतालों में रेफर नही किया गया है। फिलहाल 33 मरीजों का उपचार जारी है और सभी की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### विधायक, पूर्व मंत्री,एडीएम पहुंचे सौंसर अस्पताल

घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक विजय चौरे पूर्व मंत्री नाना मोहोड़, एसडीएम प्रियंक मिश्रा, भाजपा युवा नेता राहुल मोहड़ ने तत्काल अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हाल जानाजनप्रतिनिधियों ने डॉक्टरों को सख्त निर्देश दिए कि उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्धता के साथ मरीज का इलाज किया जाए।

### अस्पताल में नहीं कूलर की व्यवस्था,गर्मी में हो रहा इलाज

वर्तमान में भीषण गर्मी पड़ रही है। बावजूद इसके सौसर अस्पताल में भर्ती हुए मरीजों को गर्मी में परेशान होना पड रहा है। महिला, पुरुष, बच्चा, गर्भवती महिला वार्ड साथ ही डॉक्टरों के कमरों,आदि में भारी गर्मी के बावजूद कूलर की व्यवस्थाएं नजर नहीं आ रही है। जिसके चलते मरीजों के साथ-साथ डॉक्टर और विभागीय कर्मचारियों को भी पंखे के सहारे परेशान होकर गर्मी इलाज करना पड़ रहा है। अस्पताल में भर्ती वार्ड मरीजो ने नाराजगी व्यक्त करते हुए क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से इस ओर ध्यान देते हुए तत्काल कुलर की व्यवस्था बनाने की मांग की है। ताकि मरीजों को गर्मी से राहत मिल सके।

### इनका कहना है

शादी में भोजन से फूड प्वाइजनिंग होने की संभावनाएं है, रात्रि से ही 33 मरीजो का निरंतर इलाज जारी है, फिलहाल सभी मरीज ऑब्जर्वेशन में हैं। शुरुआती जांच में यह स्पष्ट रूप से फूड पॉइजनिंग का मामला है। दूषित भोजन या गर्मी के कारण खाद्य पदार्थों के खराब होने से ऐसी स्थिति बन सकती है। डॉक्टर की टीम के द्वारा लगातार मरीजों की निगरानी स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए है।सभी मरीजों का सौसर में ही इलाज चल रहा है किसी को भी रेफर नहीं किया गया है।

**डॉ रूपेश बोकडे, प्रभारी बीएमओ सौसर**

---

### शिवपुरी थाना क्षेत्र का मामला

## कार पर गिरा कोयले से भरा ट्रक, एक की मौत, एक घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरणभटा में एक कोयले से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर कार पर गिर गया । जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई । उसमें सवार कार चालक की मौत हो गई । कार में सवार अन्य युवक गंभीर घायल हुआ । जिसे छिंदवाड़ा ले जाया गया । मृतक का शव परासिया अस्पताल लाया गया । मृतक चांदामेटा निवासी लगभग 52 वर्षीय मुकेश काले बताया जा रहा है ।

मिली जानकारी के अनुसार मुकेश काले जो की विभिन्न उत्पादों की मार्केटिंग का कार्य करते हैं , अपने सहयोगी के साथ गुरुवार को झूर्रे की तरफ जा रहे थे । हरणभटा के समीप खदान से कोयला भरकर आ रहा ट्रक क्रमांक एम एच 40 सी डी 4001 का टर्निंग में टायर फटा और वह अनियंत्रित होकर कार क्रमांक एम पी 28 सी ए 0724 के ऊपर गिर गया । जिसमें कार चालक मुकेश काले दब गया और उसकी मौत हो गई । उसका सहयोगी जो बगल की सीट पर बैठा था , गंभीर घायल हुआ । जिसका नाम सुरेंद्र मालवीय बताया जा रहा है । मृतक मुकेश एक प्रतिष्ठ व्यक्ति थे , वे रोटरी क्लब से भी जुड़े थे । घटना की खबर मिलते ही उनके परिजनों , दोस्तों की भीड़ अस्पताल में जमा हो गई ।



### ऑस्ट्रेलिया से आएगी पत्नी , फिर होगा अंतिम संस्कार

बताया जा रहा है , कि मृतक मुकेश की पत्नी और बड़ा बेटा ऑस्ट्रेलिया में है । जिन्हें घटना की सूचना दे दी गई है । उनके आने के बाद अंतिम संस्कार होगा । मृतक का छोटा बेटा भोपाल में है । जो चांदामेटा के लिए निकल गया है ।

---

## शहर कांग्रेस एवं कांग्रेस पार्षद दल ने सड़क पर उतरकर किया ननि में फैली अव्यवस्थाओं का विरोध

### शहर कांग्रेस कमेटी ने राजीव भवन से निकाली विरोध रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भाजपा नित शहर सरकार में सुविधाएं शून्य और टैक्स पूरा वसूला जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र की जनता से स्वच्छता टैक्स, जल कर और जमीन टैक्स भारी भरकम वसूल रहे। व्यवस्थाएं व सुविधाएं पूरी तरह चूर-चूर हो चुकी। शहर के आधे से अधिक हिस्से में पेयजल आपूर्ति प्रभावित है। सफाई नहीं के बारबार हो रही, नालियां बजबजा रही और सीवरेज का पानी सड़क पर बह रहा। चेम्बर सड़क से ऊपर है या फिर नीचे जिसके चलते हादसे होना अब आम बात हो चुकी। जनता को इन समस्याओं से निजात दिलाने के लिए शहर कांग्रेस कमेटी छिन्दवाड़ा ने प्रदर्शन व ज्ञापन के माध्यम से नगर निगम की आंखें खोलने का प्रयास किया। अगर समय रहते जाग गई तो उम्मीद की जा सकती है कि जनता की परेशानियां कम हो जाएगी, अन्यथा कांग्रेस जगाएगी।



राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय से कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण रैली के रूप में मुख्य मार्ग से होते हुए निगम कार्यालय पहुंचे यहां निगम व भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस की महिला पार्षदगण व महिला नेत्रियों ने मुख्य द्वार पर धरना दिया। मटकी पर महापौर व कमीशनर लिखकर अनोखा विरोध प्रगट करते हुए पेयजल समस्या के अविलम्ब निराकरण की मांग उठाई। धरना और प्रदर्शन कर जनता की समस्याओं से बेखबर होकर गहरी नींद में सोई हुई भाजपा शासित निगम को जगाया गया। निगम के जिम्मेदार जागे तब वे ज्ञापन लेने के लिए पहुंचे। शहर कांग्रेस के द्वारा प्रस्तुत 11 सूत्रीय मांगों के ज्ञापन में जनता से जुड़ी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया गया। मुख्य रूप से पेयजल की समस्या, स्ट्रीट लाइट का बंद होना, नक्शा पास नहीं होना, सीवरेज की समस्या सहित अन्य मांगों पर ध्यान केन्द्रित कराते हुए उनके निराकरण हेतु अविलम्ब व ठोस कदम उठाने की मांग की।

---

### जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संभागीय अधिकारियों ने की समीक्षा बैठक

छिन्दवाड़ा। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में गुरूवार को संभागीय कार्यालय जबलपुर से पधारे उप संचालक पी.पी. सिंह एवं सहायक संचालक डी.के. खरे द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी पी.एल. मेश्राम, सहायक संचालक डी.पी. डेहरिया, एडीपीसी अविनाश दीक्षित तथा जिला परियोजना समन्वयक श्री जे.के. इडपाचे की उपस्थिति में छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं विकासखंड स्रोत समन्वयकों ने सहभागिता की।

---

## सड़क दुर्घटनाः कार-बाइक भिड़ंत में अलग-अलग दो मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया क्षेत्र में गुरवार का दिन भीषण सड़क दुर्घटनाओं को लेकर चर्चा में रहा । एक ओर जहां शिवपुरी में एक कार के ऊपर कोयले से भरा ट्रक पलटने से कार में सवार एक व्यक्ति की मौत हुई और एक घायल हुआ , तो वहीं परासिया थाना क्षेत्र में खिरसाडोह बायपास में एक कार और एक बाइक की आमने सामने से भिड़ंत हुई , जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई , दूसरा घायल हुआ । एक अन्य घटना चांदामेटा थाने के अंतर्गत पुराने पेंच व्हेली कॉलेज के सामने एक कर और बाइक टकरा गई । जिसमें बाइक चालक के गले से लोहे की रॉड आरपार हो गई । छिंदवाड़ा ले जाने के दौरान उसकी भी मौत हो गई । मिली जानकारी के अनुसार परासिया चौकी मोहल्ला निवासी 36 वर्षीय गोलू ऊर्फ लोकेश ठाकुर अपने साथी सागर उइके के साथ खिरसाडोह बायपास से बी जी साइडिंग की तरफ जा रहा था , विपरीत दिशा से आ रही कार से तौलकांटे के पास आमने - सामने से टक्कर हो गई । जिसमें गोलू की मौके पर मौत हो गई । सागर घायल हुआ है । पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है



---

## किसानों को गोलियों से भूनने वाली कांग्रेस आज किसान हितैषी बनने का प्रयास कर रहीः सांसद

### सांसद ने कहा किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस को आत्ममंथन करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कांग्रेस को किसानों के मुद्दे पर आंदोलन नहीं, बल्कि किसानों से अपने छल, झूठ और वादाखिलाफी के लिए माफी मांगनी चाहिए। किसानों के नाम पर राजनीति करने वाली कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि कांग्रेस शासनकाल में किसानों को समर्थन मूल्य पर उपज बेचने की व्यवस्थित सुविधा क्यों नहीं मिलती थी। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने मीडिया से चर्चा के दौरान कही। उन्होने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को किसानों के मुद्दे पर आरोप लगाने से पहले अपनी पार्टी की 15 महीने की सरकार का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखना चाहिए।

सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि मुलताई में 24 किसानों को गोलियों से भूनने वाली कांग्रेस आज किसान हितैषी बनने का प्रयास कर रही है। किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस को आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 15 महीने की कमलनाथ सरकार ने किसानों से कर्जमाफी का वादा कर लाखों किसानों को डिफाल्टर बना दिया था, जबकि भाजपा सरकार ने किसानों को ब्याज की राहत देकर किसानों को आत्मनिर्भर बनाया है। भाजपा सरकार बनने के बाद किसानों को सम्मान, बेहतर समर्थन मूल्य और सुविधाएं मिली है।

### सांसद ने कहा प्रधानमंत्री ने निर्णायक कदम उठाए

सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि किसानों की बेहतरी के लिए गठित स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को कांग्रेस सरकारों ने वर्षों तक ठंडे बस्ते में रखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों को लागत का डेढ़ गुना एमएसपी देने की दिशा में निर्णायक कदम उठाए गए है। 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी, तब उन्होंने इन सिफारिशों को लागू किया। इसके बाद से ही देश के किसानों को उनकी उपज का लाभकारी समर्थन मूल्य मिलना शुरू हुआ है और अब उनकी दशा सुधर रही है। उन्होने कहा कि कांग्रेस के 55 साल के शासनकाल में गेहूं का समर्थन मूल्य सिर्फ 500 रुपए बढ़ाया गया था, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्षों में गेहूं का समर्थन मूल्य लगभग 1300 रुपए की वृद्धि की जा चुकी है। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार देश में इकलौती सरकार है, जो गेहूं के एमएसपी पर भी 40 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस किसानों को दे रही है, जबकि शेष राज्यों में 2585 रुपए की दर से खरीदी हो रही है। तब मध्यप्रदेश की सरकार 2625 रुपए प्रति क्विंटल के मान से गेहूं का उपार्जन कर रही है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण मध्यप्रदेश में गेहूं उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। उन्होने कहा कि उपार्जन तेज गति से जारी है और बाजार में गेहूं के दाम भी बढ़े हैं।

---

## अवैध रेत परिवहन करते 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में खनिज विभाग छिन्दवाड़ा की टीम द्वारा गत दिवस कार्रवाई करते हुए परासिया तहसील के न्यूटन पेंच नदी से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रेत का अवैध परिवहन करते हुए जप्त कर थाना न्यूटन चिखली की अभिरक्षा में आगामी कार्रवाई के लिये खड़ा करवाया गया। इसी प्रकार छिन्दवाड़ा-कुंडालिकला मार्ग से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रेत का अवैध परिवहन करते हुए जप्त कर थाना देहात की अभिरक्षा में आगामी कार्रवाई के लिये खड़ा किया गया। उक्त वाहनों में खनिज नियम के अनुसार आगामी कार्रवाई के लिये प्रकरण माननीय कलेक्टर न्यायालय को प्रस्तुत किया जायेगा।



---

## पार्टी की विचारधारा हमारी पूंजी और कार्यकर्ता शक्तिः यादव

### चौरई विधानसभा की 6 भाजपा मंडलों की कामकाजी मासिक बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी चौरई विधानसभा क्षेत्र की 6 मंडलों की महत्वपूर्ण कामकाजी मासिक बैठक आयोजित की गई, भाजपा जिला महामंत्री कमलेश उईके ने बताया कि मासिक बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण एवं संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहा है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं गरीब वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर जनहितैषी योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा हमारी पूंजी और कार्यकर्ता शक्ति है ।

उन्होंने कहा कि चौरई विधानसभा क्षेत्र विकास एवं जनसेवा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है और भाजपा कार्यकर्ता जनता एवं सरकार के बीच मजबूत सेतु बनकर कार्य कर रहे हैं। बैठक में मंडल स्तर पर संगठनात्मक सशक्तिकरण, बूथ प्रबंधन, आगामी कार्यक्रमों की तैयारी तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### बैठक में संगठन सशक्तिकरण एवं विकास कार्यों पर हुई विस्तृत चर्चा

छिंदवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी अमरवाड़ा विधानसभा की मासिक कामकाजी बैठक का आयोजन संपन्न हुआ। बैठक में विधानसभा क्षेत्र के सभी 7 मंडलों के मंडल अध्यक्ष, संगठन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपेक्षित रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों एवं बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी, आगामी राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बैठक में अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस दौरान आगामी योजनाओं की रूपरेखा तैयार करते हुए जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा गया कि भाजपा का उद्देश्य शासन की प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाना है तथा क्षेत्र को विकास और प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर रखना है। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ जिला महामंत्री कमलेश उइके, जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, जिला मंत्री शैलेन्द्र पटेल, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष लोकेश डेहरिया, किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप रघुवंशी, पूर्व किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, पूर्व निगम अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिगलानी, पूर्व जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंकित जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन गोल्डी नेमा मौजूद रहे।

---

### प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने ली जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक

## गेहूं उपार्जन में कृषकों को न हो कोई परेशानीः प्रभारी मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक ली।

बैठक में छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू, नगर निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहके, शेषराव यादव, अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह, पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, जिले के विभिन्न नगरीय निकायों और जनपद पंचायतों के अध्यक्ष और उद्योग, व्यापार, प्रगतिशील किसान, समाज सेवा, चिकित्सा, विधि आदि क्षेत्रों के नामांकित प्रतिनिधि एवं समिति के सदस्य सचिव कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के साथ ही एसपी श्री अजय पाण्डेय, डीएफओ श्री साहिल गर्ग, एडीएम श्री धीरेन्द्र सिंह, एएसपी श्री आशीष खरे, एसडीएम छिंदवाड़ा श्री सुधीर जैन, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगर निगम सहित सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी और संबंधित सभी प्रमुख विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जिले की चहुंमुखी समृद्धि के लिए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशा के अनुरूप प्रदेश के प्रत्येक जिले में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है।



### गेहूं उपार्जन और ई टोकन बुकिंग में कृषकों को न हो कोई परेशानी

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने सर्वप्रथम जिले में गेहूं उपार्जन और ई टोकन प्रणाली से खाद वितरण की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को फसल विक्रय में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। यदि कहीं स्लॉट बुकिंग या खाद वितरण के लिए ई टोकन बुकिंग में सर्वर की समस्या संज्ञान में आए तो राज्य स्तर से समन्वय कर उसका त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराएं। जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता के संबंध लगातार मीडिया के माध्यम से किसानों तक इसका व्यापक प्रचार प्रसार नियमित रूप से किया जाए। ई टोकन बुकिंग में किसानों को तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जाए। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल निर्धारित 84 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से गेहूं का उपार्जन कराया जा रहा है, जिनमें 64 गोदाम स्तरीय, 03 मंडी स्तरीय और 17 समिति स्तरीय उपार्जन केंद्र शामिल हैं। जिले के कुल पंजीकृत 29585 किसानों में से अभी तक 18220 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की गई है और 8330 किसानों से 46171 मेट्रिक टन गेहूं का उपार्जन कराया जा चुका है। स्लॉट बुकिंग का कार्य 23 मई तक किया जा सकता है और खरीदी का कार्य 26 मई तक जारी रहेगा। बैठक में प्रभारी मंत्री श्री सिंह द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

## सीएचएमओ ने वादा कर अनशन तुड़वाया, विधायक भी रहे मौजूद

# एक माह बाद मिलेगा स्थाई शिशु रोग विशेषज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

परासिया सिविल अस्पताल में स्थाई शिशु रोग विशेषज्ञ की मांग को लेकर हुए अनशन को सी एच एम ओ ने एक माह में स्थाई व्यवस्था करने का वादा कर अनशन तुड़वाया । विधायक सोहन वाल्मीकि एक दिवसीय अनशन पर बैठे थे ।परासिया के बहुचर्चित कफ सिरप कांड में परासिया के दो शिशु रोग विशेषज्ञ जेल चले गए । जिसके बाद सिविल अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ नहीं होने से बच्चों के इलाज की खासी दिक्कतें खड़ी हो गई ।

परासिया में शिशु रोग विशेषज्ञ की मांग को लेकर विधायक सोहन वाल्मीकि लगातार आवाज उठाते रहे , उन्होंने विधानसभा में भी इस मुद्दे को उठाया । उन्होंने सप्ताह भर पूर्व इस मामले में अनशन पर बैठने की चेतावनी दी थी । इसके बाद अस्थाई तौर पर दो शिशु रोग विशेषज्ञ की व्यवस्था बनाई गई , लेकिन विधायक स्थाई व्यवस्था को लेकर गुरुवार को सिविल अस्पताल के सामने एक दिवसीय अनशन पर बैठे गए । दोपहर को जिला चिकित्सा अधिकारी नरेश गुन्नारे अनशन स्थल पर आए और बताया कि एक माह बाद स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू होते ही सिविल अस्पताल परासिया में स्थाई रूप से शिशु रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति कर दी जाएगी ।




### आउट सोर्स में भर्ती भाजपा के लोग

विधायक सोहन वाल्मीकि ने अनशन के दौरान अपने वक्तव्य में कहा , कि भाजपा नेताओं को परासिया के लोगों की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं रहता है । परासिया में 100 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण से लेकर उपकरणों , डॉक्टरों की न्युक्ति व अन्य सारी सुविधाओं को लेकर उनके और कांग्रेस के लोगों द्वारा लगातार मांगे उठाई गई । भाजपा नेता सिर्फ विरोध करने और झूठी वाही - वाही लूटने में लगे रहे । अस्पताल में आउट सोर्स भर्ती में भी भाजपा नेताओं ने अपने लोगों को भर्ती कराया , जो अस्पताल में हाजरी लगाकर चले जाते हैं । उन्होंने पानी को लेकर भी आंदोलन करने की बात कही है ।

इस घोषणा के बाद विधायक श्री वाल्मीकि ने अनशन तोड़ा । अनशन कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष आशा अशोक आम्रवंशी , उपाध्यक्ष जमील खान , बड़कुही नपं अध्यक्ष भारत डेहरिया , चांदामेटा नपं अध्यक्ष गोविन्द बिजोलिया , न्यूटन नपं अध्यक्ष अनुपमा राय , ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कमल राय , उमरेठ ब्लाक अध्यक्ष मानक बेलवंशी , कार्यकारी अध्यक्ष गगन खंडूजा , समन्वयक बसंत मालवीय , नगर अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह , महामंत्री अलाउद्दीन खान , हरी वर्मा , आशीष सिकंदरपुरे , प्रमोद सूर्यवंशी , अकबर खान , महिला नेत्री प्रतिभा सोनी , मंजू सोनी , अंजलि श्रीवास्तव , सावित्री वर्मा , प्रतिमा वैश्य , रुक्मा बंसोड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## श्रीराम दरबार की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा, जिला भाजपा अध्यक्ष मोहड़ ने की पूजा-अर्चना



**सौंसर।** अध्यात्म और अटूट श्रद्धा के बीच ग्राम बिसापुर कलां में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण जी, संकटमोचन हनुमान जी एवं शिवलिंग की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ भाजपा युवा नेता राहुल मोहड़ ने सम्मिलित होकर विधि-विधान से प्रभु की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। प्राण-प्रतिष्ठा के इस भव्य महोत्सव में पाँच कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ की आहुतियों और मंत्रोच्चार के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री मोहड़ ने कहा, ₹इस पावन अवसर पर जो आध्यात्मिक ऊर्जा और शांति महसूस हुई, वह अतुलनीय है। यज्ञ की आहुतियों से निकला धुआं और मंत्रों की शक्ति मन को श्रद्धा से भर देने वाली है। समारोह के दौरान स्थापित की गई प्रतिमाओं की भव्यता चर्चा का केंद्र रही। श्री मोहड़ ने प्रतिमाओं की सुंदरता की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्राम बिसापुर में स्थापित प्रभु श्री राम की विशाल प्रतिमा इतनी मनमोहक है कि देखते ही मन मंत्रमुग्ध हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि इतनी भव्य और आकर्षक श्री राम दरबार की प्रतिमा अद्बितीय है। जो हमारी गौरवपूर्ण संस्कृति और अटूट आस्था का प्रतीक है।इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि ग्राम गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## गोड़ीवाढोना में डॉ आम्बेडकर समिति ने किया आयोजन

### चीवर दान से किया भी भिखु संघ का सत्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

ग्राम गोंड़ीवाढोना में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर समिति द्वारा बुद्ध जयंती के पावन अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रमों का भव्य समापन हुआ। इस समापन समारोह के दौरान भिक्खु संघ को चीवर दान, धम्मदेशना और भोजन वितरण जैसे धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऋषिनाथजी नागदवने गुरुजी ने की। इस अवसर पर विशेष रूप से भंते नंदनवन, भंते शील रक्षितजी, भंते आनंद रत्न (उत्तर प्रदेश) और भंते आनंद थेरो (भंडारा) जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़, जिला भारतीय बौद्ध महासभा अध्यक्ष डॉ. अशोक भगत, मुर्लिधरजी कामले,सरपंच नामदेव पाण्डे, चंद्रशेखर कहाते, भोजराज धोतके आनद दुफारे,लप्मीदास बोरकर,अश्वजित दुफारे, मूकेश बागड़े,मिलिद बंसोड़,सिद्धार्थ सोमकुंवर,आदि थे।समारोह का शुभारंभ सामूहिक बुद्ध वंदना से हुआ। वक्ताओं ने तथागत भगवान गौतम बुद्ध, महात्मा ज्योतिबा फुले और संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के जीवन संघर्षों पर प्रकाश डाला।समिति अध्यक्ष कुंडलीक गजभिए,नामदेव मोटघरे, अशोक नारनवरे, ईश्वर शेन्डे,बबलू पगारे, दशरथ तागडे ने बताया कि यह आयोजन 26 अप्रैल से शुरू हुआ था। इन दिनों में प्रतिदिन 'बुद्ध और उनका धम्म' का वाचन, महापरित्राण पाठ,बहुजन नायकों के जीवन पर आधारित भजन प्रतियोगिता,चिवरदान,भजन आदि कार्यक्रम हुए, आयोजन में समिति की ओर से उपस्थित भिक्खु संघ का चीवर दान कर आदर-सत्कार किया गया। आयोजन में प्रेमराज गजभिए, प्रवीण बागड़े, लेखराज डोंगरे और अरुणा डोंगरे,अश्वजित दुफारे,अमित शेंडे विक्की नारनवरे, आकाश बागडे,शेखर गजभिये, पीयूष शेंडे,आयुष शेंडे, प्रदीप कड़वे,आदि थे।

## अनुपस्थित एवं विलंब से पहुंचे चिकित्सकों पर प्रस्तावित होगी कार्यवाही

### सिविल अस्पताल पांढुर्णा में दिव्यांग मेडिकल बोर्ड शिविर का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन में जिले में शासकीय व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग एवं आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सिविल अस्पताल पांढुर्णा में आयोजित दिव्यांग मेडिकल बोर्ड शिविर का अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पांढुर्णा श्रीमती अलका एक्का द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

पांढुर्णा में प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को दिव्यांग मेडिकल बोर्ड शिविर आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इसी अनुक्रम में दिनांक 06 मई 2026 को सिविल अस्पताल पांढुर्णा में प्रातः 10:00 बजे से शिविर आयोजित किया गया था। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पांढुर्णा श्रीमती एक्का द्वारा दोपहर 01:05 बजे किए गए आकस्मिक निरीक्षण एवं तैयार किए गए मौका पंचनामा में कई अधिकारी एवं कर्मचारी ड्यूटी रोस्टर के विरुद्ध बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए।

निरीक्षण के दौरान डॉ. हर्ष साहू (सर्जिकल स्पेशलिस्ट), जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा, डॉ. राधा भकने (दंत चिकित्सक), सिविल हॉस्पिटल पांढुर्णा, डॉ. छाया चौहान (स्त्री रोग विशेषज्ञ), सिविल हॉस्पिटल पांढुर्णा, डॉ. आदित्य कडवे (चिकित्सा अधिकारी), सिविल हॉस्पिटल पांढुर्णा तथा कु. रूपाली यादव (संविदा नर्सिंग ऑफिसर), जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा अनुपस्थित पाए गए। वहीं डॉ. पूनम ठाकुर (मनोरोग चिकित्सक), मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा निर्धारित समय प्रातः 10:00 बजे के स्थान पर दोपहर 01:05 बजे उपस्थित हुईं, जो कि 3 घंटे 5 मिनट का विलंब था।

निरीक्षण के समय तक कुल 19 दिव्यांग हितग्राही शिविर में उपस्थित थे, जिनमें से 12 हितग्राहियों का परीक्षण कर मेडिकल प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके थे तथा शेष हितग्राहियों की जांच प्रक्रियाधीन थी। प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि शासकीय कार्यों में इस प्रकार की लापरवाही एवं वरिष्ठ कार्यालयों के आदेशों की अवहेलना अत्यंत गंभीर विषय है, जिससे दूर-दराज से आए दिव्यांगजनों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

## बड़कुही में आर पार्क का हुआ निरीक्षण



**बड़कुही / परासिया** :- स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 अंतर्गत नगर परिषद बड़कुही में वेस्ट मटेरियल से आर पार्क सागर रावतेल एवं मनोज पाटने द्वारा बनाया गया । एम०आर०एफ० प्लांट परिसर में निर्मित थी । आर पार्क का अध्यक्ष भरत डेहरिया द्वारा निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के द्वौरान सी०एम०ओ० रंजीत अहाके , उपयंत्री मनोज डेहरिया एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे । अध्यक्ष द्वारा प्लांट परिसर में वृक्षारोपण एवं आर पार्क के आस - पास आवश्यक कार्य किये जाने के निर्देश दिये गये ।

## कटंगी में 09 मई को नेशनल लोक अदालत का होगा आयोजन

**कटंगी**। बालाघाट जिले में 9 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिला मुख्यालय, जिला न्यायालय बालाघाट के साथ-साथ सिविल न्यायालय बैहर, कटंगी, लांजी और वारासिवनी में भी लोक अदालत लगाई जाएगी। व्यवहार न्यायालय कटंगी ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि इस लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित और राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति और राजीनामा के आधार पर किया जाएगा। इसमें सिविल, आपराधिक, मोटर दुर्घटना, विद्युत अधिनियम, चैक बाउन्स, पारिवारिक और भरण-पोषण संबंधी प्रकरण शामिल हैं। उनका आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा, बैंक ऋण वसूली, विद्युत के बकाया बिल, नगरपालिका के जल कर और दूरसंचार विभाग के टेलीफोन बिल के प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा।

### आज तक पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर, रकम के लेन देन में निभाई थी प्रमुख भूमिका

## नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले प्रीतम का सहयोगी कबीरे भी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी में नौकरी लगवाने के नाम पर बेरोजगार युवाओं से लाखों की ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ वारासिवनी पुलिस ने अपनी कार्यवाही तेज कर दी है। गिरोह के मुख्य सरगना प्रीतम डहरवाल की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस ने उसके एक और साथी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी का नाम रविशंकर कबीरे हैं, जो लांजी क्षेत्र का निवासी है और शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी में आऊटसोर्स कर्मी के रुप में कार्यरत है।

**नौकरी लगवाने के नाम पर ली थी रकम :** विदित हो कि शिकायतकर्ता पीयूष राऊत ने अपनी शिकायत में प्रीतम लाल डहरवाल के साथ ही रविशंकर कबीरे का नाम भी प्रमुखता से लिखा था। पीयूष राऊत ने शिकायत में नौकरी दिलवाने का लालच देने, प्रीतम डहरवाल से मिलवाने और राशि के लेन देन में रविशंकर कबीरे की प्रमुख भूमिका होने का आरोप लगाया गया था। जिस पर पुलिस द्वारा रविशंकर कबीरे पर लगाए गए आरोपों की जॉच की गई और उसके फोन पे नंबर पर ट्रांसफर की गई रकम, अन्य तकनीकी साक्ष्यों और बैंक ट्रांजेक्शन के आधार पर रविशंकर कबीरे की संलिप्तता की पुष्टि की और उसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**कबीरे को पूछताछ के लिए 8 मई तक लिया पुलिस रिमांड पर:** उल्लेखनीय है कि वारासिवनी पुलिस ने पीयूष राऊत की शिकार्यंत के बाद प्रीतम लाल डहरवाल के खिलाफ अपराध क्रमांक 181/26





भारतीय न्याय संहिता की धारा 318/4 और 3, 5 के तहत मामला दर्ज किया है। अब इस मामले में रविशंकर पिता माखनलाल कबीरे उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम सिहारी थाना लांजी को गिरफ्तार कर वारासिवनी पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे पुलिस ने पूछताछ के लिए 8 मई तक रिमांड पर लिया है। प्रीतमलाल डहरवाल भी 8 मई तक पुलिस रिमांड पर है। दोनों को ही 8 मई को न्यायालय में पेश किया जा सकता है।

**और भी पीड़ितों के सामने आने की संभावना:** वारासिवनी पुलिस अब दोनों आरोपियों को आमने सामने बिठाकर पूछताछ कर रही है। पुलिस को अंदेशा है कि इस नेटवर्क में और भी लोग शामिल हो सकते हैं और ठगी का शिकार हुए पीड़ितों की संख्या बढ़ सकती है। रिमांड के दौरान ठगी गई राशि की बरामदगी और डिजिटल ट्रांजेक्शन के अन्य रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

### वार्ड नम्बर 4 में शिव कथा में शिव पार्वती विवाह पर झूमे श्रद्धालु

## नशा बेचने व नशा करने वालों से हमेशा दूर रहे- विवेक पटेल



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी नगर के वार्ड नंबर 4 बालाघाट मार्ग में वार्ड की महिला मंडल द्वारा कराए जा रहे शिव कथा में वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक पटले ने पहुँच कर कथावाचक आचार्य पंडित संतोष शास्त्री का आर्शीवाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कथा वाचक आचार्य पंडित संतोष शास्त्री ने भगवान श्रीराम और भगवान शिव व माता पार्वती के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि माता पार्वती ने राजा हिमालय के यहां जन्म लिया था। माता पार्वती बचपन से ही भगवान भोलेनाथ को मानती थीं। इसलिए भोलेबाबा का विवाह माता पार्वती जी के साथ हुआ। कथा के दौरान श्रद्धालुगण धार्मिक भजनो पर नृत्य करते रहे, जिसके बाद भगवान शिव और माता पार्वती विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद सजीव झाँकियॉ सजाई गई थी, जो आकर्षण का केंद्र रही।

इस दौरान सुभाष चौहान, डिलेश्वर पटले, महेश बिसेन, टेकचंद पटले, शिवदयाल पटले, राम पटले, मंगलू पटले, मनोज बिसेन, श्रीमती माया चौहान, ममता बिसेन, माया पटले, नंदनी कुल्हाड़े, दुर्गा पटले, सुरेखा मिश्रा, सुमन मिश्रा, रेखा पटले, शशिकला पारधी, ममता पटले, प्रभा डहरवाल, अनीता सैयाम सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि इस समय भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। लोग कूलर, पंखे की हवा लेने घर से बाहर नहीं निकल रहे है। मगर हमारी महिला मंडल ने शिव पुराण करवाकर यह साबित कर दिया कि भगवान की पूजा के आगे कोई कुछ नहीं है। चाहे गर्मी हो या बड़ी से बड़ी विपत्ति आ जाए, भगवान भोलेनाथ सभी को मनोकामनाएं पूर्ण करते है। ग्राम में भागवत करना और भागवत सुनना यह बहुत किस्मत की बात होती है। जो जैसा कर्म करेगा, उसे वैसा फल मिलेगा। इसलिए दूसरों के बारे में अच्छा सोचे, अच्छा करें, अच्छे इंसान बने, भागवत हमें जीवन जीने की शैली सिखाती है।

## महिलाओं से आबकारी दल ने की चर्चा दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



तहसील के ग्राम सेलवा में स्थित देसी-विदेशी शराब दुकान के ठीक सामने भगवान शिव के मंदिर परिसर में बीते कई दिनों से ग्रामीण महिलाएं बैठी हैं। बुधवार शाम को आबकारी विभाग के अधिकारियों के एक दल ने सेलवा मौके पर पहुंचकर मंदिर परिसर में बैठी महिलाओं से करीब एक घंटे तक चर्चा की। आबकारी विभाग को शिकायत मिली थी कि कुछ ग्रामीण महिलाएं शराब खरीदने आने वाले ग्राहकों को रोक रही हैं। इसी शिकायत के बाद विभाग की टीम सेलवा पहुंची थी। दल में आबकारी उप निरीक्षक सुधीर श्रीवास, रमाकांत बघेल, ज्योति सोनी, कौस्तुक नेताम, माया मरकाम और मनोज अंजलेकर शामिल रहे। इस दौरान गांव के सरपंच देवेंद्र देशमुख, पूर्व सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और गांव की महिलाएं उपस्थित रही। चर्चा के दौरान महिलाओं ने आबकारी दल को बताया कि शराब दुकान मंदिर और आबादी क्षेत्र के बेहद करीब होने से गांव का सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है। शराब के नशे में उनके परिवार के सदस्य घर में मारपीट करते है घर की महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। गांव के भीतर शराब दुकान होने से युवा पीढ़ी तेजी से नशे की गिरफ्त में समा रही है। जिस कारण उन्होंने कलेक्टर कार्यालय में आवेदन देकर दुकान को अन्यत्र स्थान में विस्थापित करने की मांग की है। महिलाओं ने कहा कि फिलहाल वे मंदिर परिसर में बैठकर सिर्फ इस बात की निगरानी कर रही हैं कि उनके परिवार का कोई सदस्य शराब लेने तो नहीं आ रहा है। उनका उद्देश्य किसी से विवाद करना नहीं, बल्कि अपने परिवार को नशे से बचाना है।

आबकारी अधिकारियों ने महिलाओं से अपील की कि वे किसी भी स्थिति में कानून को अपने हाथ में न लें। अधिकारियों ने सुझाव दिया कि यदि परिवार का कोई सदस्य शराब पीता है तो उसे समझाएं कि शराब पीना स्वास्थ्य और परिवार दोनों के लिए हानिकारक है। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि कोई व्यक्ति शराब के नशे में महिलाओं के साथ अभद्रता या मारपीट करता है तो तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं। आबकारी विभाग का काम यह सुनिश्चित करना है कि गांव में अवैध रूप से शराब की बिक्री न हो। लाइसेंसी दुकान पर नियमों के तहत ही बिक्री हो, यह विभाग देखेगा। महिलाओं ने बताया कि गांव में खुले में पैकारी बंद होने से आज गांव में सुधार आया है। हम बिना किसी विरोध के गांव को नशा मुक्त बनाना चाहते है। जिससे प्रशासनिक सहयोग की भी आवश्यकता है। विभाग के अधिकारियों ने कहा कि वह सहयोग करने के लिए पूरी तरह से तैयार है गांव में कहीं भी खुले में पैकारी नहीं होगी और ना ही कोई शराबी खुले में शराब पीएगा। अगर कोई ऐसा करते पाया जाता है और उन्हें सूचना दी जाती है तो निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी।

## रेत संकट, महंगी बिजली और अघोषित कटौती पर कांग्रेस का हल्लाबोल

### राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन, जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरा

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** क्षेत्र में रेत की भारी किल्लत, घरेलू बिजली दरों में बढ़ोतरी और लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। इन गंभीर जनसमस्याओं को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई। कांग्रेस पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आमजन के साथ सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में रेत घाटों की निविदा प्रक्रिया पूरी नहीं होने से शासकीय और अशासकीय निर्माण कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कई निर्माण कार्य रेत के अभाव में ठप पड़ गए हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही का खामियाजा गरीब जनता भुगत रही है।



**निर्माण कार्य ठप, जनता परेशान:** ज्ञापन में कहा गया कि बारिश पूर्व सभी निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने का समय है, लेकिन रेत घाट चालू नहीं होने से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों को स्थानीय स्तर पर रेत निकालने की अनुमति दी जाए, ताकि निर्माण कार्य दोबारा शुरू हो सकें। इस दौरान सौरभ मोनू पशीने, अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी लांजी, रेवाजी करहाटकर, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी, मनीष जुझार, अध्यक्ष विधानसभा युवा कांग्रेस लांजी, शरद आसटकर, उपाध्यक्ष विधानसभा युवा कांग्रेस, नरेश तिलकचंद चौहान, चंद्रकांत किरनापूरे, दिनेश लांडे सभापति जनपद पंचायत लांजी, मुकेश रनदीवे पार्षद वार्ड क्रमांक 12 नगर परिषद लांजी, राजकुमार टांडेकर सरपंच ग्राम पंचायत डोंगरगांव, एडवोकेट अनमोल तिडके सदस्य युवा कांग्रेस, योगेंद्र बबली मिश्रा पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत लांजी, विजय सीताराम रामटेक्कर, अशोक पालीवाल तथा लक्ष्मण कावरे सरपंच ग्राम पंचायत टेमनी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**बिजली दर वृद्धि और कटौती पर भी फूटा गुस्सा:** कांग्रेस नेताओं ने घरेलू बिजली दरों में की गई वृद्धि को जनविरोधी बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। साथ ही ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती पर तीखा आक्रोश जताया गया। नेताओं का कहना था कि भीषण गर्मी में घंटों बिजली गुल रहने से आम नागरिकों, व्यापारियों और किसानों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ज्ञापन में साफ तौर पर कहा गया कि जनता अब समस्याओं से त्रस्त हो चुकी है और यदि शासन-प्रशासन ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो कांग्रेस व्यापक जनआंदोलन छेड़ने से पीछे नहीं।

खबर संक्षेप

## महाआरती और विशाल भंडारा, श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर स्थित प्राचीन श्री शनि मंदिर, रेलवे क्रॉसिंग छिंदवाड़ा रोड पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री शनि जयंती का भव्य आयोजन 16 मई को किया जाएगा। ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष की उदया तिथि अमावस्या, भरणी नक्षत्र एवं शनिवार के शुभ संयोग में यह धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः पूजन-अर्चन एवं अभिषेक के साथ होगी। प्रातः 6 बजे से सहस्त्रधारा अभिषेक प्रारंभ होगा, जिसके पश्चात भगवान शनि देव का आकर्षक श्रृंगार कर आरती की जाएगी। सायंकालीन कार्यक्रम के अंतर्गत शाम 4 बजे हवन एवं महाआरती का आयोजन होगा। इसके बाद शाम 7 बजे से श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है। मंदिर आयोजक समिति ने नगर के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से विनम्र अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## ज्ञान भारतम पाण्डुलिपि मिशन' के अंतर्गत विशेष सर्वेक्षण अभियान शुरू

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा 'ज्ञान भारतम पाण्डुलिपि मिशन' के अंतर्गत जिले में पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य निजी संग्रहों में सुरक्षित प्राचीन हस्तलिखित दस्तावेजों एवं अभिलेखों का संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन करना है। अभियान के तहत ऐसे अभिलेख शामिल किए जा रहे हैं, जो लगभग 75 वर्ष या उससे अधिक पुराने (वर्ष 1930-40 या उससे पूर्व) हैं तथा भारतीय इतिहास, पत्राचार, शासकीय आदेश या साहित्यिक ग्रंथों से संबंधित हैं। इन दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद शासकीय कर्मचारी संबंधित व्यक्ति या संस्था के घर पहुंचकर ही सुरक्षित तरीके से डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे, जिससे मूल दस्तावेज को कहीं ले जाने की आवश्यकता नहीं होगी। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके पास इस प्रकार की कोई बहुमूल्य पाण्डुलिपि या अभिलेख उपलब्ध हैं, तो वे जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 7000478932 पर शीघ्र संपर्क करें। इससे न केवल उनकी धरोहर सुरक्षित होगी, बल्कि देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में उनका महत्वपूर्ण योगदान भी सुनिश्चित होगा।

## प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत पंजीयन प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** श्रम पदाधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत पेंशन के लिए पंजीयन अभियान संचालित किया जा रहा है। योजना के प्रथम चरण में शहरी क्षेत्र के लिए दिनांक 15 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक पंजीयन किया गया। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 16 फरवरी से 15 मार्च 2026 तक अभियान संचालित किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक जैसे ऑटो चालक, रिक्शा चालक, सफाईकर्मी, रेहड़ी-पटरी विक्रेता, मोची, धोबी, नाई, घरेलू कामगार, कृषि एवं निर्माण श्रमिक तथा स्वरोजगार से जुड़े श्रमिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। योजना अंतर्गत पात्रता के लिए आवेदक की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। साथ ही आवेदक ईपीएफ, ईएसआईसी अथवा एनपीएस का सदस्य नहीं होना चाहिए तथा आयकरदाता नहीं होना चाहिए। आवेदक की मासिक आय 15,000 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना अंतर्गत लाभार्थियों को आयु के अनुसार प्रतिमाह 55 रुपये से 200 रुपये तक अंशदान जमा करना होगा, जिसमें भारत सरकार द्वारा समान राशि का अंशदान किया जाएगा। इस योजना के तहत 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाएगी। पेंशनधारक की मृत्यु होने की स्थिति में उसके जीवनसाथी को पारिवारिक पेंशन का लाभ मिलेगा। पंजीयन हेतु आधार कार्ड, मोबाइल नंबर तथा बैंक खाते की पासबुक आवश्यक है। इच्छुक श्रमिक अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर अथवा एमपी ऑनलाइन केंद्र के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं।अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 14434 पर संपर्क किया जा सकता है अथवा कार्यालय श्रम पदाधिकारी, कलेक्ट्रेट परिसर, कचहरी चौक, सिवनी में संपर्क किया जा सकता है।

# पंचायत सचिव को हटाने के आदेश का ग्रामीणों ने किया विरोध

**ग्रामीणों ने जताया ओछी राजनीति का अंदेशा**

**250 से अधिक ग्रामीणों ने आवेदन पर किए हस्ताक्षर**

08 अप्रैल 2026 को मिला था अतिरिक्त प्रभार

करीब 100 ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले की केवलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बनाथर में सचिव के अतिरिक्त प्रभार को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रही है। पंचायत के वर्तमान अतिरिक्त प्रभार सचिव अरुण शांडिल्य को हटाए जाने की संभावना के बीच बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ के नाम ज्ञापन सौंपकर उन्हें यथावत बनाए रखने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अरुण शांडिल्य के चंद ही दिनों के कार्यकाल में पंचायत के कामों में तेजी आई है और लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान करीब 100 ग्रामीण मौजूद रहे, जबकि 250 से अधिक ग्रामीणों ने आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दर्ज कराया।

ग्राम पंचायत बनाथर के ग्रामीणों ने प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में बताया कि पूर्व सचिव लक्ष्मीप्रसाद ठाकरे के ब्रेन हेमरेज होने के कारण अवकाश पर चले जाने के बाद जिला पंचायत के आदेश पर 08 अप्रैल 2026 को भरवेली पंचायत के सचिव अरुण शांडिल्य को बनाथर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। लेकिन महज एक महीने के भीतर 06 मई 2026 को उनका प्रभार वापस लेने के आदेश जारी कर दिए गए, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है।

ग्रामीणों ने इस पूरे मामले में ओछी राजनीति और दबाव की आशंका जताई है। उनका कहना है कि जिस सचिव ने कम समय में पंचायत के कामों में गति लाई, योजनाओं को धरातल पर उतारा और ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण शुरू किया, उसे अचानक हटाया जाना समझ से परे है।

ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले पंचायत के कई विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर नहीं पहुंच पा रहा था। लेकिन अरुण शांडिल्य के प्रभार संभालने के बाद पंचायत के कामकाज में सुधार आया है। पंचायत के निर्माण कार्य, शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन और ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण तेजी से होने लगा है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया है कि 6 मई 2026 को जिला पंचायत कार्यालय से ग्राम पंचायत दुरेंदा के सचिव तोपेश्वर एड़े को अतिरिक्त प्रभार दिए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित सचिव करीब 25 किलोमीटर दूर क्षेत्र से आते हैं और वे सप्ताह में केवल एक दिन पंचायत पहुंचते हैं, जिससे वहां के ग्रामीण भी परेशान हैं। ग्रामीणों ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि यदि नए सचिव को बनाथर पंचायत का प्रभार दिया गया तो पंचायत के काम प्रभावित होंगे और ग्रामीण इसका विरोध करेंगे। उनका कहना है कि बनाथर छह गांवों की बड़ी पंचायत है, जहां सक्रिय सचिव की आवश्यकता है।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीणों ने प्रशासन के सामने एकजुटता दिखाते हुए कहा कि पंचायत में वर्तमान में विकास कार्यों की गति बनी हुई है और यदि सचिव बदला गया तो इसका सीधा असर आम ग्रामीणों पर पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में सडक़, पानी, स्वच्छता, पेंशन, आवास और अन्य योजनाओं से जुड़े कार्य समय पर हो रहे हैं, जिससे लोगों को राहत मिली है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पंचायत और ग्रामीणों के हित को देखते हुए वर्तमान अतिरिक्त प्रभार सचिव अरुण शांडिल्य को ही यथावत रखा जाए, ताकि विकास कार्य लगातार जारी रह सकें और आम लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### सिवनी की बिटिया ने बढ़ाया मान

## आदेगांव की वैदेही तिवारी को राज्यपाल ने किया सम्मानित



**सिवनी।** बंसल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, भोपाल द्वारा आयोजित _प्लेसमेंट डे 2026 समारोह में सिवनी जिले के आदेगांव की बेटी वैदेही (राशि) तिवारी को मध्यप्रदेश के राज्यपाल महामहिम मंगू भाई पटेल ने खुले मंच से सम्मानित किया। वैदेही, प्रसिद्ध लोकगीत गायक बंटी तिवारी और ज्योति तिवारी की सुपुत्री हैं। बताया जाता है कि वैदेही महज 5 वर्ष की उम्र से ही अपनी गायकी से क्षेत्र का नाम रोशन करती रही हैं। अब प्लेसमेंट के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्यपाल के हाथों सम्मान पाकर उन्होंने जिले का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर समूचे सिवनी-लखनादौन क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। लोग वैदेही के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

# आम से भरा ट्रक पलटा

**सिवनी।** जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर गुरुवार सुबह आम से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पलट गया। हादसा सोनाडोंगरी के पास सुबह करीब 10.30 बजे हुआ। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

### नागपुर से जबलपुर जा रहा था ट्रक

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक नागपुर से जबलपुर की ओर जा रहा था। तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और ट्रक पलट गया।

### सडक़ पर बिखरे आम

ट्रक पलटते ही उसमें भरे आम सडक़ पर फैल गए। हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर यातायात प्रभावित हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सडक़ के एक हिस्से से यातायात शुरू कराया। बाद में क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया गया और स्थिति सामान्य की गई।



स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस जगह हादसा हुआ वहां हमेशा लोगों और वाहनों की आवाजाही रहती है। यदि उस समय आसपास लोग या वाहन होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस ट्रक चालक से पूछताछ कर रही है। शुरुआती जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार और वाहन का अनियंत्रित होना माना जा रहा है।

## रेडक्रॉस के तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान हेतु जागरूकता रैली संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से डी.पी. चतुर्वेदी विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं शिक्षा महाविद्यालय सिवनी द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।



रैली का उद्देश्य युवाओं एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। विद्यार्थियों ने नशा छोड़ो, जीवन से जुड़ो एवं स्वस्थ युवा, स्वस्थ भारत जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के डायरेक्टर डॉ. के.के. चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय उपस्थिति रही।

# 10 करोड़ की लागत से बना क्रिकेट ग्राउंड हो गया जर्जर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** इन दिनों खिलाडिय़ों के बीच में क्रिकेट मैच को लेकर जोश? देखा जा रहा है। नगर की उभरती हुई प्रतिभाओं को अवसर देने के लिए बीझावाड़ा स्थित सांदीपनी स्कूल के पीछे रन वन टोला में क्रिकेट ग्राउंड के लिए 10 करोड रुपए की राशि दी गई थी जिसमें ग्राउंड का निर्माण बाउंड्री वॉल एवं अंपायर इत्यादि के लिए भवन का निर्माण किया गया था लेकिन विडम्बना है कि इस ग्राउंड तक पहुंचने के लिए कोई साधन ना होने के कारण यह ग्राउंड खिलाडिय़ों के लिए औचित्यहीन हो गया यहां तक पहुंच मार्ग से लगी हुई शासकीय जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया और कृषि कार्य कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में यहां तक पहुंच पाना संभव नहीं हो पाता, जिसको लेकर जिला क्रिकेट संघ अनेक बार पहल कर चुका है लेकिन परिणाम सि फिर निकले हैं।

ज्ञातव्य है कि क्रिकेट संघ से जुड़े अजय मिश्रा राजकुमार खुराना पूर्व डिप्टी डायरेक्टर खेल विभाग मकसूद मिर्जा ने अनेकों बार इस मैदान के जीर्णोद्धार को लेकर संबंधित जनों के समक्ष अपनी बात रख चुके हैं लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है ऐसे में प्रतिभाओं के साथ न्याय नहीं हो रहा।



देखा गया कि ग्राउंड में जो गेट लगा था देखरेख की अभाव में चोरी चला गया अंपायर एवं खिलाड़ी के बैठने के लिए जो गैलरी बनाई गई थी उसमें लगा हुआ लोहा चुरा कर ले जाया गया है। खिलाडिय़ों के कपड़े बदलने के लिए जो कमरे बनाए गए थे वहां पर जानवरों को रखा जाने के कारण गोबर से भरा पड़ा है इसका मुख्य कारण है कि इस ग्राउंड की देखरेख के लिए व्यवस्था न होने के कारण यह आप व्यवस्था का शिकार हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि नगर मुख्यालय में क्रिकेट प्रशिक्षण को लेकर अनेक अकैडमी प्रारंभ की गई है और अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर चुके हैं लेकिन संसाधनों के अभाव में यह खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को पूर्ण रूप से निखर नहीं पा रहे हैं अगर इन्हें अवसर मिले तो यह अपनी खेल कला का जौहर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखा सकते हैं जिसके लिए यह क्रिकेट ग्राउंड का जीर्णोद्वार की आवश्यकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस ग्राउंड को बनाने के लिए शासन ने 10 करोड रुपए की राशि दी थी जिसमें यह निर्माण किया गया था लेकिन देखरेख के अभाव में जर्जर हो चुका है इसके लिए खेल विभाग एवं जिला प्रशासन सहित जिला पुलिस विभाग रुचि लेता है तो इसका कायाकल्प कर खिलाडिय़ों के लिए यह उपयोगी सिद्ध हो सकता है।



## ज्वलंत समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया आंदोलन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला सिवनी के किसान भाईयों की ज्वलंत समस्याओं गेहूं उपार्जन में देरी, स्लॉट बुकिंग पोर्टल की गड़बड़ी, सर्वर समस्या, बारदाना की कमी एवं चमक विहीन गेहूं की ना खरीदी में हो रही अनियमितताओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा नेशनल हाईवे -44 ग्राम भोंगाखेड़ा सिवनी में एक दिवसीय किसान आंदोलन (चक्का जाम) किया गया।

## डूण्डासिवनी पुलिस की सख्त व त्वरित कार्यवाही, दो चाकूबाज पहुंचे जेल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा व्दारा चाकूबाजो पर सख्त कार्यवाही हेतू निर्देशित किया जाता रहा है। साथ जनता को भय मुक्त वातावरण हेतू प्रयत्नशील रहते है। सी.एस.पी. सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डुण्डासिवनी चैनसिंह उइके व्दारा उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी चाकूबाजी की घटना पर सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है। दिनांक 05/05/2026 को प्रार्थी पुन्नीलाल बरकडे ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम दिनांक 05.05.26 को अपनी पत्नी बेटे के साथ खेत पर गया था शाम करीब 7/30 बजे रामप्रसाद बरकडे शराब के नशे मे शराब पिलाने की बात को लेकर वाद विवाद हुआ, जिसमें आरोपी प्रार्थी को पास रखे चाकू से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से हमला करने कि रिपोर्ट पर अपराध क्रंमाक 222/2026 धारा 109 बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया है। इसी क्रम दिनांक 05.05.26 को ज्ञानी मोहल्ला निवासी वरदान वरकडे ने रिपोर्ट लेख कराई कि दिलबाग पेट्रोल पंप के पास खड़े थे तभी अमन दीक्षित पास आकर पुरानी रंजिश को लेकर मां बहन की गंदी गंदी गाली देकर अपने पास रखे चाकू से जान से मारने की नियत से हमला कर दिया कि रिपोर्ट पर अप. क्रंमाक 223/2026 धारा 109 (1), 296 (ए), 351 (2) का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## कलेक्टर ने की अध्यक्षता में लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड एवं जिला स्तरीय समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में औद्योगिक विकास को गति देने, स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने तथा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए ठोस रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक की शुरुआत में महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सिवनी द्वारा जिले के वर्तमान औद्योगिक परिदृश्य, स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों की स्थिति, पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन की प्रगति तथा प्रस्तावित नवीन औद्योगिक क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि जिले में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों एवं कृषि आधारित उत्पादों के आधार पर कई क्षेत्रों में निवेश की अच्छी संभावनाएं मौजूद हैं।

# सरकारी शिक्षक ही दिखा रहे सरकार के कार्यों को ठेंगा, जनगणना जैसे कार्यों पर बरत रहे लापरवाही

## जिले के आदिवासी विधानसभा बरघाट कुरई में जनगणना कार्य पर विवाद, आरोपों से मचा हड़कंप शिक्षक महेंद्र कुमार ठाकुर पर भ्रष्ट कार्य प्रणाली अपनाने के लगे आरोप, जिला कलेक्टर से हुई शिकायत

**राकेश अगरवार। हरिभूमि बरघाट।** वर्तमान समय में समूचा प्रशासन जन गणना जैसे कार्यों में निरन्तर लगा हुआ है परंतु कुछ सरकारी कर्मचारी इस विशेष कार्य से दूरी बनाते नजर आ रहे कुरई ब्लाक के शिक्षक महेंद्र ठाकुर द्वारा अड़ियल रवैया अपनाते हुए इस कार्य से परहेज करते हुए नजर आए जनगणना पर 'गायब मास्टर' का साया! आदेशों को रौंदा, प्रशिक्षण से दूरी,क्या प्रशासन पर भारी पड़ रहा है संरक्षण? राष्ट्रकार्य बना मज़ाक? बिना अनुमति अनुपस्थिति, प्रशिक्षण से किनारा और कागजी औपचारिकताओं के आरोप से मचा भूचाल, जनगणना 2027, देश की विकास योजनाओं की रीढ़। लेकिन बरघाट विकासखंड में एक शिक्षक पर लगे आरोपों ने इस राष्ट्रव्यापी अभियान की गंभीरता पर ही सवाल खड़ा कर दिया है,कुरई ब्लाक में पदस्थ शिक्षक महेंद्र कुमार ठाकुर पर आरोप है कि उन्होंने जनगणना प्रशिक्षण को गंभीरता से नहीं लिया और निर्धारित तिथियों (23/04/2026 से 25/04/2026) में आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे। इतना ही नहीं, शिकायत में यह भी उल्लेख है कि वे कार्यालय से बिना अनुमति अनुपस्थित रहे और बाद में औपचारिकताओं के जरिए उपस्थिति दर्ज करने का प्रयास हुआ।




### सरकारी आदेशों को चुनौती, जिम्मेदारी से किनारा?

सूत्रों के अनुसार, जनगणना जैसे संवेदनशील कार्य में जहां हर कर्मचारी को सतर्क और जिम्मेदार रहना चाहिए, वहीं संबंधित शिक्षक महेंद्र कुमार ठाकुर पर लापरवाही बरतने के आरोप लगे हैं, कार्यालयीन समय में निजी गतिविधियों में व्यस्त रहने की चर्चा भी सामने आई है, यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह न केवल विभागीय नियमों की अवहेलना होगी, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व के प्रति गंभीर उदासीनता मानी जाएगी।

### फर्जी उपस्थिति का शक-जांच की मांग

जिला कलेक्टर को दिए पत्र में शिकायतकर्ताओं ने यह भी दावा किया है कि अनुपस्थिति के बाद हस्ताक्षर कर उपस्थिति दर्ज करने की कोशिश महेंद्र कुमार ठाकुर के द्वारा की गई। यह आरोप यदि सत्य सिद्ध होता है, तो यह सीधा अनुशासनहीनता और प्रशासनिक प्रक्रिया से खिलवाड़ माना जाएगा।
कुछ ब्लाक प्रमुख अधिकारीयो का सहारा क्या संरक्षण की ढाल बचा रही है?

क्षेत्र में यह सवाल भी उठ रहा है कि इतने गंभीर आरोपों के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या प्रभावशाली संपर्क नियमों पर भारी पड़ रहे हैं?क्या आम कर्मचारियों और 'विशेष' कर्म चारियों के लिए अलग-अलग पैमाने हैं?हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही होगी।

### जनगणना से समझौता नहीं

जनगणना के आंकड़ों पर ही गांव, शहर, स्कूल, अस्पताल, सड़क और योजनाओं का भविष्य तय होता है। ऐसे में यदि कोई कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटता है, तो यह सिर्फ विभागीय मामला नहीं बल्कि जनता के अधिकारों से जुड़ा प्रश्न बन जाता है।

### क्या जिला प्रशासन लेगा संज्ञान कलेक्टर से कठोर कार्रवाई की मांग

एक शिकायत पत्र में जिला कलेक्टर एवं जनगणना अधिकारी से मांग की गई है कि, प्रशिक्षण में अनुपस्थिति की तथ्यात्मक जांच हो कथित फर्जी उपस्थिति की जांच कराई जाए बिना अनुमति अनुपस्थिति पर जवाबदेही तय हो दोष सिद्ध होने पर सख्त विभागीय कार्रवाई की जाए।

### कठोर कार्यवाही की निगाहें अब प्रशासन पर

शिक्षक महेंद्र कुमार ठाकुर के इस कृत्य पर कुरई ब्लाक में यह मामला चर्चा का केंद्र बन चुका है, अब देखना यह है कि क्या प्रशासन जनगणना जैसे राष्ट्रीय कार्य की गरिमा बचाने के लिए सख्त कदम, उठाएगा या मामला औपचारिक जांच तक सीमित रहेगा क्या जन गणना कार्य से दूरी बनाने वाले शिक्षक महेंद्र कुमार ठाकुर पर गिरेगी गाज या नही यह समझ के परे है।

# आर्थिक तंगी से गुजर रही वनोपज सहकारी समितियां

### म.प्र. वनोपज सहकारी कर्मचारी एवं श्रमिक संघ ने प्रबंध संचालक भोपाल को भेजा ज्ञापन

**सिवनी।** म.प्र.राज्य लघु वनोपज संघ भोपाल कई सौ करोड़ों के लाभ में है। लाभांश की यह राशि प्रदेश की समस्त प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से ही प्राप्त होती है। संघ द्वारा इसी लाभांश की राशि में से प्रत्येक समिति को उसके व्यय के लिए दो लाख रूपये वार्षिक कमीशन दिया जाता है। इस कमीशन की राशि से ही समितियों की आर्थिक गतिविधियां एवं वेतन भत्ते आदि का भुगतान होता है। इस वर्ष संघ द्वारा इस कमीशन राशि में से 22 हजार 375 रूपये की कटौती कर देने से समिति की आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो रही है। वर्तमान में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य जारी है। कमीशन में की गई कटौती के कारण समिति को तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।



म.प्र. वनोपज सहकारी कर्मचारी एवं श्रमिक संघ की जिला इकाई द्वारा प्रबंध संचालक म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ भोपाल के नाम एक ज्ञापन प्रबंध संचालक जिला यूनियन दक्षिण सिवनी को सौंपा गया है। ज्ञापन में कमीशन राशि में की गई कटौती से समिति संचालन में आ रही दिक्कतों के प्रति ध्यान आकृष्ट करते हुए शेष राशि के भुगतान की मांग की गई है।

## कराटे खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर दबदबा: स्वर्ण जीत लौटे जांबाजों का स्वागत

# मुनेश प्रजापति ने स्वर्ण पदक लिया यादव दक्ष पाटर ने कांस्य पदक जीता

**छपारा/सिवनी।** इंदौर के आईपीएस पब्लिक स्कूल में आयोजित 'स्टेट सब-जूनियर कैडेट कराटे प्रतियोगिता' में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर लौटे जिले के सितारों का छपारा आगमन पर ऐतिहासिक स्वागत किया गया। मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में स्पोर्ट्स कराटे डेवलपमेंट एसोसिएशन सिवनी के खिलाड़ियों ने पदकों की झड़ी लगाकर जिले का नाम पूरे प्रदेश में ऊंचा कर दिया है।

**छपारा बस स्टैंड पर दिखा जबरदस्त उत्साह**

जैसे ही जांबाज खिलाड़ी मेडल जीतकर छपारा बस स्टैंड पहुंचे, समूचा क्षेत्र 'भारत माता की जय' और खिलाड़ियों के जयघोष से गूंज उठा। अभिभावकों, खेल प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने बैंड-बाजे की मधुर धुनों के बीच खिलाड़ियों को फूल-मालाओं से लाद दिया। गर्मजोशी से भरे इस स्वागत समारोह में हर शहरवासी की आंखें गर्व से नम थीं।




नागरिकों का कहना है कि सीमित संसाधनों के बावजूद इन खिलाड़ियों ने जो मुकाम हासिल किया है, वह प्रेरणादायक है। कोच मेघा प्रजापति के मार्गदर्शन में । प्रतियोगिता में मुनेश प्रजापति ने अपने वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं दक्ष पाटर एवं रिया यादव ने अपनी तकनीक से विरोधियों को पछाड़ते हुए कांस्य पदक हासिल किए। साथ ही रोजी खान, हलीम खान, विदित हालदार, शुभम द्विवेदी, समर्थ राजपूत और सूर्यांश साहू का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। इन सभी पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन अब 'कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन' द्वारा देहरादून (उत्तराखंड) में आयोजित होने जा रही 'सब-जूनियर कैडेट नेशनल कराटे चैंपियनशिप' के लिए हुआ है।

## भरवेली के नाबालिक आत्महत्या केस में पूर्व विधायक किशोर समरीते ने पुलिस जांच पर उठाए सवाल

### दुष्कर्म के बाद आत्महत्या से भड़का जनआक्रोश, आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज लांजी।

बालाघाट जिले के भरवेली में नाबालिग हीना खान की मौत के मामले संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक किशोर समरीते ने पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पूर्व विधायक किशोर समरीते ने जारी बयान में कहा है कि पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा को स्वयं भरवेली थाने का दौरा कर मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करनी चाहिए और नाबालिग हीना खान के दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि श्सबसे गंभीर बात यह है कि आरोपी जनता के दबाव में पकड़े जा रहे हैं, जबकि पुलिस उन्हें बचाने का प्रयास कर रही है। भरवेली थाने की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। श्री समरीते ने चेतावनी दी कि इस घटना को लेकर सर्व समाज में भारी आक्रोश है और यदि समय पर न्याय नहीं मिला तो हालात बिगड़ सकते हैं। गौरतलब है कि 28 अप्रैल को भरवेली क्षेत्र में नाबालिग हीना खान ने पुल की रेलिंग में फ ांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। शुरुआत में इसे सामान्य



आत्महत्या का मामला माना जा रहा था, लेकिन बाद में जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए। पुलिस जांच में सामने आया कि घटना से पहले नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया गया था। घटना की रात वह कुछ युवकों के साथ मोटरसाइकिल से गई थी, जहां यह वारदात हुई। इसके बाद आरोपियों द्वारा उसे सुरक्षित घर नहीं पहुंचाया गया। वहीं इस मामले के दूसरे आरोपी को भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये जाने की जानकारी सामने आई है। इससे पहले एक अन्य आरोपी को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। बताया जाता है कि दुष्कर्म और आरोपियों की अनदेखी से मानसिक रूप से आहत होकर नाबालिग ने घर के पास ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। उल्लेखनीय है की मृतका के माता पिता अत्यंत गरीब परिवार से हैं और मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते हैं।

## सरदार पटेल यूनिवर्सिटी संचालक ने प्रेसवार्ता कर बताया रजिस्ट्रेशन मामले में संस्था दोषी नहीं हैं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




बालाघाट स्थित सरदार पटेल यूनिवर्सिटी ने नर्सिंग छात्रों के रजिस्ट्रेशन और वर्ष 2017 के बीएचएमएस डॉक्टरों के स्थायी रजिस्ट्रेशन से जुड़े मुद्दों पर स्पष्टीकरण दिया है। यूनिवर्सिटी पर इन समस्याओं को लेकर सवाल उठ रहे थे, जिसके बाद कुलाधिपति इंजी. दिवाकरसिंह ने गुरुवार को प्रबंधन के साथ मीडिया से बात की।

कुलाधिपति दिवाकरसिंह ने बताया कि नर्सिंग छात्रों के रजिस्ट्रेशन में समस्या काउंसिल के पुराने सॉफ्टवेयर के कारण आ रही थी। इसमें वर्तमान प्रक्रिया के तहत कॉलेज का नाम दर्ज नहीं हो पा रहा था। इस तकनीकी समस्या के समाधान के बाद, काउंसिल ने कॉलेज का नाम पोर्टल में जोड़ दिया है और अब रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

बीएचएमएस डॉक्टरों के स्थायी रजिस्ट्रेशन के संबंध में कुलाधिपति ने बताया कि यह मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी कुछ दिनों में इस मामले की सुनवाई के बाद वर्ष 2017 के प्रोविजनल से स्थायी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में तीन अन्य कॉलेजों के मामलों में निर्णय हो चुका है, केवल सरदार पटेल यूनिवर्सिटी का निर्णय आना बाकी है।

इन समस्याओं से लगभग 47 नर्सिंग छात्राएं और 37 बीएचएमएस डॉक्टर प्रभावित थे। इन छात्रों और डॉक्टरों ने अपनी समस्याओं को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर भोपाल तक संपर्क किया था। उन्होंने गुरुवार से आंदोलन शुरू करने की चेतावनी भी दी थी, लेकिन विश्वविद्यालय प्रबंधन के आश्वासन के बाद उन्होंने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है।

### कोमा में गए युवक मामले में नही दे पाये जवाब

बालाघाट गायखुरी स्थित सरदार पटेल नर्सिंग हॉस्पिटल में 6 माह पूर्व एक युवक उपचार के दौरान संस्था में कार्यरत डॉक्टर की घोर लापरवाही के चलते कोमा चला गया जिसका उपचार अब नागपुर हॉस्पिटल में जारी हैं। इस संबंध में उपरोक्त संस्था में कार्यरत आरोपी चिकित्सकों पर एफआईआर दर्ज की गई हैं। इस प्रश्न पर संस्था के संचालक दिवाकर जी के द्वारा संतोषजनक जवाब नही दिया गया और बात को समाप्त करते हुए प्रेसवार्ता स्थगित कर दी गई।

## सालेटेका निवासी नारायण भंडारी का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट न्यायालय परिसर के पास स्टाम्प वेंडर बैठक कक्ष के सामने एक खानसामा का शव रस्सी से लटका मिला। गुरुवार सुबह शव मिलने की सूचना पर इलाके में सनसनी फैल गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

मृतक की पहचान हट्टा थाना क्षेत्र के सालेटेका निवासी नारायण भंडारी (56) के रूप में हुई है। उनके बेटे राकेश कुमार भंडारी ने वीडियो कॉल के जरिए शव की शिनाख्त की। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर तलाशी ली, जिसमें मृतक की पेंट की जेब से एक मोबाइल फोन और कुछ नकदी बरामद हुई।



बेटे राकेश ने पुलिस को बताया कि उनके पिता खाना बनाने का काम करते थे और मंगलवार को इसी काम के सिलसिले में बालाघाट आए थे। उन्होंने आखिरी बार बुधवार दोपहर को अपने पिता से बात की थी। राकेश के अनुसार, उनके पिता को कोई परेशानी नहीं थी और वे इस कदम के पीछे का कारण समझ नहीं पा रहे हैं।

कोतवाली पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है। जिस स्थिति में नारायण भंडारी का शव मिला है, उससे उनकी मौत को लेकर संदेह जताया जा रहा है। बताया गया है कि फांसी पर लटके होने के बावजूद उनके दोनों घुटने मुड़े हुए थे और एक हाथ पास की छोटी दीवार पर रखा था।

पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

## रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे अमित जायसवाल का 09 मई को बालाघाट आगमन

### रोटरी क्लब ऑफ़ बालाघाट रॉयल के सेवा कार्यों एवं नई परियोजनाओं को मिलेगा विशेष मार्गदर्शन



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. अमित जायसवाल 09 मई 2026 को आधिकारिक प्रवास पर बालाघाट पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर रोटरी क्लब ऑफ़ बालाघाट रॉयल के सदस्यों में उत्साह एवं गौरव का वातावरण बना हुआ है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का यह दौरा क्लब के लिए विशेष महत्व का माना जा रहा है, क्योंकि इस दौरान क्लब की वर्तमान सेवा गतिविधियों की समीक्षा के साथ भविष्य की सामाजिक एवं जनहितकारी परियोजनाओं पर व्यापक चर्चा की जाएगी।अपने प्रवास के दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे अमित जायसवाल रोटरी क्लब ऑफ़ बालाघाट रॉयल के अध्यक्ष, पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ विस्तृत बैठक करेंगे। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ पेयजल, पर्यावरण संरक्षण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, रोग निवारण तथा सामुदायिक विकास के क्षेत्र में क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों एवं जनकल्याणकारी अभियानों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही आगामी सत्र में समाजहित में और अधिक प्रभावी एवं स्थायी परियोजनाएं संचालित करने की रणनीति तैयार की जाएगी।दौरे के दौरान क्लब की प्रशासनिक कार्यप्रणाली, सदस्यता विस्तार, नए सेवा प्रकल्पों की संभावनाओं एवं रोटरी की वैश्विक सेवा भावना को अधिक मजबूत बनाने जैसे विषयों पर भी विशेष चर्चा होगी। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर क्लब सदस्यों को नेतृत्व, संगठन क्षमता एवं प्रभावी सेवा कार्यों के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।9 मई को प्रातः डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बालाघाट पहुंचकर रोटरी क्लब ऑफ़ बालाघाट रॉयल के अध्यक्ष एवं अन्य डिस्ट्रिक्ट व क्लब पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान क्षेत्र में संचालित सेवा परियोजनाओं की समीक्षा कर आगामी योजनाओं की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी।रोटरी डिस्ट्रिक्ट मीडिया चेयरमैन नितिन जैन एवं रोटरी क्लब ऑफ़ बालाघाट रॉयल के अध्यक्ष रोटे संदीप असाटी द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का यह दौरा रोटरी के सेवा कार्यों को नई दिशा एवं ऊर्जा प्रदान करेगा तथा समाजहित में क्लब की सक्रिय भागीदारी को और अधिक सशक्त बनाएगा।रोटरी क्लब ऑफ़ बालाघाट रॉयल के अध्यक्ष रोटे संदीप असाटी ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का यह प्रवास क्लब के लिए नई ऊर्जा, नई सोच एवं नई प्रेरणा लेकर आएगा। उनके अनुभव एवं मार्गदर्शन से क्लब की सेवा परियोजनाओं को और अधिक व्यापक एवं प्रभावशाली स्वरूप मिलेगा, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता एवं सेवा पहुंचाने के उद्देश्य को मजबूती मिलेगी।

## बैहर में कांग्रेस संगठन कमजोर, विधायक के जनाधार में भारी गिरावट

**हरिभूम न्यूज बालाघाट।** बैहर विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों कांग्रेस संगठन की स्थिति को लेकर लगातार सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्र में पार्टी के घटते जनाधार और संगठनात्मक कमजोरी की चर्चाएं राजनीतिक गलियारों में तेजी से फैल रही हैं।स्थानीय कार्यकर्ताओं और सूत्रों के अनुसार, संगठन के जिला नेतृत्व एवं विधायक द्वारा पार्टी संगठन को पर्याप्त समय नहीं दिए जाने के कारण जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता लगातार कम होती जा रही है। कई पुराने कार्यकर्ताओं का कहना है कि क्षेत्र में नियमित बैठकें, संवाद और जनसंपर्क अभियान लगभग ठप पड़ चुके हैं, जिससे कार्यकर्ताओं में निराशा का माहौल बन रहा है।कार्यकर्ताओं का आरोप है कि आम जनता की समस्याओं को लेकर संगठन पहले जितना सक्रिय दिखाई नहीं देता। ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस की पकड़



कमजोर होती जा रही है, जबकि दूसरी राजनीतिक पार्टियां लगातार अपने जनसंपर्क अभियान को मजबूत कर रही हैं।क्षेत्र के कई लोगों ने यह भी शिकायत की है कि संगठन अथवा क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर विधायक कार्यालय या कांग्रेस पदाधिकारियों से संपर्क करने पर फोन तक रिसीव नहीं किए जाते। इससे आम जनता और कार्यकर्ताओं के बीच दूरी बढ़ती जा रही है और लोगों में नाराजगी साफ दिखाई देने लगी है।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि जल्द ही संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और जनता के बीच विश्वास बहाल करने के प्रयास नहीं किए गए, तो आगामी चुनावों में इसका सीधा नुकसान कांग्रेस पार्टी को उठाना पड़ सकता है।कांग्रेस के कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी को फिर से मजबूती देने के लिए क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क, बूथ स्तर पर संगठन विस्तार और कार्यकर्ताओं को सम्मान देने की आवश्यकता है। वहीं जनता भी अब क्षेत्र में सक्रिय नेतृत्व और जवाबदेही की अपेक्षा कर रही है।

## 9 मई को नेशनल लोक अदालत का होगा आयोजन

### बिजली प्रकरणों के निराकरण का सुनहरा अवसर, उपभोक्ताओं को मिलेगी विशेष छूट

हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।

म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा 09 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा हैं। इस दौरान विद्युत प्रकरणों के निराकरण हेतु उपभोक्ताओं को विशेष छूट प्रदान की जाएगी। यह पहल उपभोक्ताओं को लंबित प्रकरणों से राहत दिलाने एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।

मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) द्वारा जारी निर्देशानुसार, विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों एवं प्री-लिटिगेशन एवं लिटिगेशन स्तर पर लंबित मामलों में आकर्षक छूट दी जाएगी। इसमें सिविल दायित्व की राशि पर आंशिक छूट तथा ब्याज राशि पर 100% तक की छूट का प्रावधान शामिल है। बालाघाट संभाग की कुल 767 प्री-लिटिगेशन प्रकरण, लगभग रू64.86 लाख राशि के साथ न्यायालय में दर्ज 57 प्रकरणों में भी नोटिस जारी किए गए हैं। सभी संबंधित उपभोक्ताओं को सेटलमेंट हेतु नोटिस वितरित किए जा चुके हैं।

**उपभोक्ताओं के लिए लाभः** प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में सिविल दायित्व पर 30% तथा लिटिगेशन प्रकरणों में 20% तक की छूट होगी। यह छूट केवल 09 मई 2026 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में समझौता करने पर ही मान्य होगी।

विद्युत विभाग बालाघाट के कार्यपालन अभियंता रवि कुमार कुम्हरे द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय, जिला बालाघाट के प्रांगण में शिविर आयोजित कर प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर उपस्थित होकर अपने प्रकरणों का निपटारा कराएं तथा दी जा रही छूट का अधिकतम लाभ उठाएं।

**उपभोक्ताओं से अपीलः**म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि वे सुनहरे अवसर का लाभ उठाते हुए अपने लंबित विद्युत प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कराएं और अतिरिक्त आर्थिक बोझ से राहत प्राप्त करे ।

## ट्रेन की चपेट में आए बुजुर्ग के दोनों पैर कटे



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के नवेगांव और गोंगलई रेलवे मार्ग के बीच एक 65 वर्षीय बुजुर्ग ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनके दोनों पैर कट गए। गंभीर घायल बुजुर्ग को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए नागपुर भेजा गया है।घायल की पहचान वार्ड नंबर 33, आवास टोली गायखुरी निवासी बिसनलाल केकटे के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, बिसनलाल गांव में किराना और सीमेंट की दुकान चलाते हैं। गुरुवार शाम करीब 7 बजे वह घर से एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकले थे, जिसके कुछ देर बाद उनके हादसे का शिकार होने की खबर मिली। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बिसनलाल रेलवे पटरी पार कर रहे थे, तभी वे किसी यात्री ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में उनके पैर कटने के साथ-साथ शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही ग्रामीण पुलिस और स्थानीय लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही नगरपालिका उपाध्यक्ष योगेश बिसेन भी जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर इलाज और नागपुर रेफरल की प्रक्रिया में प्रशासनिक सहयोग प्रदान किया। ग्रामीण पुलिस ने इस रेल हादसे के बाद केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उन परिस्थितियों की जांच कर रही है जिनके कारण बुजुर्ग ट्रेन की चपेट में आए। फिलहाल बुजुर्ग की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

### मुख्य आरोपी अजीत बाहेश्वर गिरफ्तार, नाबालिग से जुड़े मामले में पुलिस ने की कार्यवाही

## बात, मुलाकात फिर बलात्कार!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में 15 वर्षीय नाबालिग की आत्महत्या के मामले में फरार मुख्य आरोपी अजीत बाहेश्वर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाने की बात स्वीकार की है।

अजीत बाहेश्वर को दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद गुरुवार, 7 मई को उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अजीत की पहचान नाबालिग से महज दो हफ्ते पहले हुई थी। यह पहचान लवकुश कोहरे की महिला मित्र के माध्यम से हुई थी, जो नाबालिग की सहेली थी।

घटना की रात, अजीत ने अपने दोस्त लवकुश कोहरे के मोबाइल से नाबालिग को फोन कर मिलने बुलाया था। इसके बाद, 27-28 अप्रैल की दरमियानी रात नाबालिग घर से कुछ युवकों के साथ मोटरसाइकिल पर गई थी।

पुलिस जांच में पता चला है कि देर रात करीब एक से दो बजे के बीच नाबालिग युवकों के साथ थी। इसी दौरान, आरोपी अजीत ने नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद उसे आधे रास्ते में छोड़ दिया गया।

यौन शोषण और अकेले छोड़ दिए जाने से मानसिक रूप से व्यथित नाबालिग ने घर से कुछ ही दूरी पर रेलिंग में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद मुख्य आरोपी फरार हो गया था, जबकि उसके दोस्त लवकुश कोहरे को भरवेली पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

शुरुआत में इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा था। हालांकि, घटना की रात नाबालिग के युवकों के साथ मोटरसाइकिल पर जाते हुए सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामला गरमा गया। मुस्लिम समाज के लोगों और जनप्रतिनिधियों के दखल के बाद पुलिस पर मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी का दबाव बढ़ गया।

पुलिस ने मोबाइल फोन, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर जांच की। कड़ियों को जोड़ते हुए पहले लवकुश कोहरे को गिरफ्तार किया गया और अब मुख्य आरोपी अजीत बाहेश्वर को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

भरवेली थाना प्रभारी भूपेन्द्रसिंह पंद्रो ने बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्ता कर दो दिन की रिमांड पर लिया गया था। जिससे घटना को लेकर पूछताछ की गई। जिसमें आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसने, उस रात नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। जिसकी पुष्टि के लिए डीएनए जांच के लिए भेजा गया है।

## सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की अफवाह मचा हड़कंप

### पटवारी के खंडन के बाद शांत हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी तहसील के ग्राम सेलवा में सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण की अफवाह फैलने से बुधवार की शाम 6 बजे काफी देर तक हड़कंप मचा रहा। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। हालांकि हल्का पटवारी द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थिति स्पष्ट करने और खंडन करने के बाद मामला शांत हुआ। जानकारी के अनुसार, ग्राम सेलवा से खजरी मार्ग पर मिनी स्टेडियम के पास एक किसान अपनी बंजर पड़ी निजी भूमि पर सुधार कार्य करवा रहा था। इसी दौरान किसी ने यह अफवाह फैला दी कि अज्ञात लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। देखते ही देखते यह बात पूरे गांव में फैल गई। अतिक्रमण की सूचना मिलते ही ग्राम सरपंच देवेंद्र देशमुख ने तुरंत हल्का पटवारी को इसकी जानकारी दी। अफवाह के चलते मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी एकत्र हो गए और तनाव की स्थिति बनने लगी। सूचना पर हल्का पटवारी मौके पर पहुंची। उन्होंने राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर जांच में पाया गया कि जिस स्थान पर काम चल रहा है वह पूरी तरह निजी भूमि है। सरकारी भूमि 36 डिसमिल है जो उससे लगी हुई है, पर उस पर कोई अतिक्रमण नहीं हुआ है। पटवारी ने ग्रामीणों के सामने स्पष्ट किया, 36 डिसमिल भूमि ही सरकारी है। उसके आसपास की जमीन निजी है। किसान अपनी ही बंजर जमीन को समतल कर खेती योग्य बना रहा है। अतिक्रमण जैसी कोई बात नहीं है। यह केवल अफवाह है।ष पटवारी के खंडन के बाद ग्रामीणों का संदेह दूर हुआ। इसके बाद सभी ग्रामीण शांतिपूर्वक अपने घरों को लौट गए।

### जिले के किसानों से पराली न जलाने की अपील

**बालाघाट।** खरीफ सीजन की तैयारी में जुटे बालाघाट जिले के अन्नदाताओं से कृषि विभाग ने पराली और मेड़ों को आग न लगाने की विशेष अपील की है। खेत साफ करने के नाम पर लगाई जाने वाली यह आग फसल अवशेषों के साथ-साथ जमीन की उपजाऊ शक्ति और किसानों का सुनहरा भविष्य भी जला रही है।उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय नें बताया की खेत में आग लगाने से मिट्टी का तापमान बढ़ जाता है, जिससे केंचुए और फसल के लिए फायदेमंद सूक्ष्म जीवाणु नष्ट हो जाते हैं। इससे जमीन की प्राकृतिक उर्वरता खत्म होती है और किसान को फसल उगाने के लिए अधिक रसायन व खाद का उपयोग करना पड़ता है, जिससे खेती की लागत बढ़ जाती है।

### 1694 किसानों से 42 हजार 413 क्विंटल गेहूँ की हुई खरीदी

**बालाघाट।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जिले में कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा रहा हैं। चालू सीजन में जिले के 1694 किसानों से 42 हजार 413 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 03 करोड़ 05 लाख रुपये से अधिक की राशि का भुगतान कर दिया गया है।जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि बालाघाट जिले में किसानो से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी के लिए 13 केंद्र बनाये गए है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए जिले के 4388 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। इनमें से 2904 किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए अपना स्लाट बुक करा चुके है।

प्रवेश प्रारंभ
Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & OTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
B.Tech. 4 Year Degree 12th Mats Pass
Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
माईनिंग इलेक्ट्रिकल
सिविल मेकेनिकल
JOB SAHI
सतपुड़ा कैम्पस, लाल रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)
9425836824, 62625604111 Web: www.satpudaengineeringcollege.com